हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री


11 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष उत्सव





12 नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब भक्तों ने की सुख...




अपराध शाखा कुंडली की टीम पर की थी फायरिंग जवाबी कार्रवाई में लगी समीर के पैर में गोली

# मुठभेड़ के बाद दो सगे भाई गिरफ्तार, अधजले शव की गुत्थी सुलझी संबंधों में बाधा बनने पर की थी साढू की हत्या, बीमा का भी एंगल

**12 सितंबर को बहालगढ़ क्षेत्र में मिले अधजले शव की हुई शिनाख्त आस मोहम्मद का था शव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में अपराध शाखा कुंडली की टीम ने एक सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बहालगढ़ क्षेत्र में कुछ समय पूर्व बरामद हुए एक अधजले शव की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इन आरोपितों को दबोचा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपित के पैर में गोली लगी है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपित ईदगाह कॉलोनी निवासी समीर मलिक उर्फ राहुल उर्फ कांचा व उसका भाई साजिद उर्फ मोगली है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंडली अपराध शाखा की टीम उप निरीक्षक जितेंद्र के नेतृत्व में जीटी रोड स्थित सेक्टर 7 के निकट गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक मुरथल फ्लाईओवर के समीप सर्विस रोड की झाड़ियों में एक काले रंग की मोटरसाइकिल के साथ छिपे हुए हैं। सूचना यह भी थी कि ये दोनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी। जैसे ही पुलिस टीम आरोपितों के करीब पहुंची तो खुद को घिरा हुआ देख आरोपित समीर मलिक उर्फ राहुल उर्फ कांचा ने पुलिस पर सीधी फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की जिसमें समीर के पैर में गोली लग गई। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया जिसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पुलिस ने मौके से उसके दूसरे भाई साजिद उर्फ मोगली को भी सफलतापूर्वक दबोच लिया। घायल आरोपित समीर को पहले स्थानीय नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त अवैध पिस्तौल और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस अब आरोपितों को रिमांड पर लेकर यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि क्या इस हत्याकांड में अन्य लोग भी शामिल थे और हत्या की वारदात को किस स्थान पर और कैसे अंजाम दिया गया था।



सोनीपत। मुठभेड़ स्थल पर पहुंचें पुलिस अधिकारी मुआयना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मृतक की पत्नी से नजदीकियां

*हत्या के पीछे के कारणों की जांच करते हुए पुलिस ने एक उलझे हुए पारिवारिक और प्रेम प्रसंग के मामले का खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित साजिद की पत्नी और मृतक आस मोहम्मद की पत्नी सगी बहनें हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि आरोपित समीर और मृतक की पत्नी के बीच अवैध संबंध विकसित हो गए थे। पुलिस को अंदेशा है कि इन्हीं संबंधों में बाधा बनने के कारण आस मोहम्मद की हत्या की योजना बनाई गई और उसे अंजाम दिया गया।*



सोनीपत। अस्पताल में उपचाराधीन घायल आरोपित।

## समीर का रहा है पुराना आपराधिक इतिहास

पकड़े गए आरोपितों में से समीर मलिक का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार समीर एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और उस पर पहले से ही नौ अलग अलग प्राथमिकियां दर्ज हैं। इनमें जीआरपी सोनीपत में चोरी के चार मामले सिविल लाइन थाने में चोरी और छीना झपटी के दो मामले और सेक्टर 27 में चोरी का मामला शामिल है। वर्तमान में उस पर हत्या और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के नए मामले दर्ज किए गए हैं।

## लंबे समय से शव की शिनाख्त कर रही थी पुलिस

इस गिरफ्तारी के साथ ही 12 सितंबर को बहालगढ़ थाना क्षेत्र में मिले एक अज्ञात अधजले शव की पहचान का मामला भी सुलझ गया है। आरोपितों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह शव उनके ही रिश्तेदार आस मोहम्मद उर्फ आशु का था। आस मोहम्मद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गांव निवाड़ा का रहने वाला था और घटना के समय बहालगढ़ क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस लंबे समय से इस शव की शिनाख्त की कोशिश कर रही थी। हालांकि कुछ समय पहले परिजनों ने हुलिए के आधार पर अंदेशा जताया था परंतु आरोपितों की स्वीकारोक्ति के बाद अब इसकी आधिकारिक पुष्टि हो गई है।

## बीमा राशि के एंगल से भी हो रही है जांच

पुलिस इस मामले में अब बीमा राशि के एंगल से भी जांच को आगे बढ़ा रही है। ऐसी जानकारी मिली है कि मृतक के नाम पर कुछ बीमा राशि थी जिसे हड़पने की मंशा भी इस हत्याकांड के पीछे हो सकती है। जांच अधिकारी अब मृतक की पत्नी को भी जांच के दायरे में शामिल करने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस साजिश की पूरी परतें खोली जा सकें।

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत के थाना सदर पुलिस दल ने सट्टा खाईवाली और जुआ खेल की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को काबू करते हुए उनसे 3 हजार 510 रुपये नगद और ताश की 152 पत्तियां बरामद कीं। काबू किए गए आरोपितों की पहचान रोहित निवासी तारा नगर सोनीपत तथा फिरोज निवासी कबीरपुर सोनीपत के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर को उप निरीक्षक अजमेर अपनी टीम के साथ नियर गंदा नाला, कबीरपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान मिली सूचना पर खाली मैदान में छापामारी की, जहां दोनों आरोपित ताश पर पैसे लगाकर जुआ खेलते पाए गए। तलाशी के दौरान रोहित के पास से 2000 रुपये और 500 रुपये के चार नोट, जबकि फिरोज के पास से 1510 रुपये बरामद हुए।

### प्लांट में खड़े ट्रकों की बैट्री चोरी

**खरखौदा।** शहर के बाईपास किनारे एक प्लांट में खड़े ट्रकों की चोर रात को बैट्री उतार ले गए। चोरी के दौरान ट्रकों के चालक केबिन में ही सो रहे थे, लेकिन उन्हें इस वारदात का पता ही नहीं चला। रोहतक के कलानौर के रहने वाले सोमबीर का कहना है कि वह खरखौदा में आरडीसी कंक्रीट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में बतौर ट्रक चालक नौकरी करता है। वहीं उत्तर प्रदेश के जिला मेवात के उजीना का रहने वाला प्रीतम भी इसी कंपनी में चालक है। वह दोनों रात को अपने ट्रकों को प्लांट में ही खड़ा कर केबिन में सो गए। लेकिन सुबह उठे तो पता चला कि चोर दोनों ट्रकों की दो-दो बैट्री चोरी कर ले गए।

बादलों के बीच ठंडी हवाओं ने बढ़ाया सर्दी का असर

# कोहरे से राहत मिली, ठंड से नहीं

- लगातार परिवर्तनशील मौसम का असर स्वास्थ्य और कृषि पर
- दिनभर ठंडक बनी रही, एक्यूआई 225 पर स्थिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिले में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। वीरवार को छह दिन बाद घना कोहरा छंटा तो लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की, लेकिन आसमान में छाए बादलों और ठंडी हवाओं ने सर्दी के असर को बरकरार रखा। सुबह के समय आसमान बादलों से घिरा रहा, जबकि दोपहर में बीच-बीच में सूर्य दिखाई दिया, परंतु उसकी किरणें तेज चमक बिखेरने में नाकाम रहीं। दिनभर छाए बादलों, ठंडी हवाओं और नमी भरे वातावरण ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर किया।

मौसम विभाग के सरगथल केंद्र के अनुसार वीरवार को न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान करीब 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रहा था, जिससे तुलना में तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई, लेकिन ठंड से राहत के संकेत अभी दिखाई नहीं दिए।

दिन के दौरान लगभग तीन किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली, जो निम्न तापमान के साथ मिलकर सर्दी के प्रभाव को और अधिक गहरा करती रही। ठंड के इस दौर में सुबह-शाम के समय लोगों का आवागमन सामान्य दिनों की तुलना में कम दिखाई दिया। कई स्थानों पर लोग अलाव के सहारे ठंड से बचाव करते दिखे। कार्यालय, बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर भी ठंडी हवाओं और धूप की कमी के चलते दिनभर सर्द वातावरण बना रहा।

वहीं, वीरवार को लगातार तीसरे दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स 225 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण के स्तर में सुधार न होने से सांस और हृदय संबंधी रोगियों के लिए सावधानी बरतने की जरूरत बनी हुई है।



सोनीपत। शहर में दिन के समय कोहरे से मिली राहत। फोटो : हरिभूमि

## कोहरा कम हुआ, आवागमन में सुविधा हुई

ग्रामीण क्षेत्रों में कई किसानों ने बताया कि सुबह के समय खेतों में हल्की नमी दिखाई देती है। हालांकि कोहरा कम होने से आवागमन में सुविधा हुई है, लेकिन धूप की कमी से मिट्टी का तापमान अभी सामान्य स्तर पर नहीं पहुंच पाया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में बादल छंटने पर धूप निकले तो दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, हालांकि ठंडी हवाओं के कारण सुबह और रात के समय सर्दी का प्रभाव बरकरार रहने की संभावना बनी रहेगी।

## बीमारियों के फैलने का जोखिम

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से मौसम विशेषज्ञों और चिकित्सकों का मानना है कि इस तरह का परिवर्तनशील मौसम जुकाम, खांसी, वायरल संक्रमण, अस्थमा और सर्दी से जुड़ी अन्य बीमारियों के फैलने का जोखिम बढ़ा देता है। तापमान में उतार-चढ़ाव और नमी भरी ठंड शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर सकती है। डॉ. जेएस पूनिया का सुझाव है कि सुबह-शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़े अवश्य उपयोग में लाए जाएं, अचानक तापमान परिवर्तन से बचा जाए, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और छोटे बच्चे विशेष रूप से सतर्क रहें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को पर्याप्त तरल पदार्थ लेने, संतुलित आहार का सेवन करने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। प्रदूषण के स्तर को देखते हुए श्वसन संबंधी मरीजों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कम से कम जाने, मास्क प्रयोग करने और डॉक्टर की सलाह अनुसार दवाएं नियमित रूप से लेने की अपील की गई है।

## गेहूं, सरसों व चारे की फसलों को फायदा

कृषि के संदर्भ में मौसम की यह स्थिति किसानों के लिए मिलेजुले संकेत लेकर आई है। कोहरे से राहत मिलने से जहां खेतों में दृश्यता बेहतर हुई है, वहीं बादलों की मौजूदगी और कम तापमान ने रबी फसलों पर ठंड के असर को बढ़ाया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गेहूं, सरसों और चारे की फसलों पर इस तरह का ठंडा और नम वातावरण कुछ स्थितियों में लाभदायक तो हो सकता है, लेकिन लगातार कम धूप और बढ़ती नमी फसलों में रोगों और कीटों की संभावना भी बढ़ा सकती है। किसानों को खेतों में नियमित निरीक्षण करने, पाले के प्रभाव से बचाव के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने और अनावश्यक सिंचाई से परहेज करने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आवश्यकता पड़ने पर कृषि विभाग के परामर्श के अनुसार कीटनाशक और फफूंदनाशक का प्रयोग करना उपयोगी हो सकता है।

## शहर के बाजार में आवाजाही रही सीमित

*शहर के बाजार क्षेत्रों में भी दिनभर ठंडी हवा के कारण लोगों की आवाजाही सीमित दिखाई दी। कई दुकानदारों ने बताया कि दोपहर के समय भी गर्म कपड़े और हीटर का सहारा लेना पड़ा। वहीं, स्कूली बच्चों और कामकाजी वर्ग के लोगों को सुबह के समय ठंड से जूझते हुए सफर करना पड़ा। परिवहन व्यवस्था हालांकि कोहरा छंटने के बाद सामान्य रही, लेकिन सर्द हवाओं के कारण यात्रा के दौरान ठंड का अहसास बना रहा। समग्र रूप से देखा जाए तो कोहरे से राहत मिलने के बावजूद बादलों, ठंडी हवाओं और नमी भरे वातावरण ने सर्दी के असर को अभी पूरी तरह कम नहीं होने दिया है।*



गन्नौर। दलबीर की मौत के बाद विलाप करतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# सेवानिवृत्त दिव्यांग एएसआई की हत्या, फैक्ट्री के कमरे में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राजपुर गांव में दिल्ली पुलिस से एएसआई पद से सेवानिवृत्त 60 वर्षीय दिव्यांग की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। मृतक दलबीर राजपुर गांव का ही रहने वाला था। उसका शव उनके घर के पास उनके प्लाट में स्थित मिठाई के डिब्बे बनाने वाली फैक्ट्री के एक कमरे में मिला। परिवार वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीसीपी प्रवीण पी, एसीपी ऋषिकांत और थाना बड़ी प्रभारी एसीपी गीता फोगाट मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर एफएसएल टीम को बुलाया, जिसने मौके से जरूरी नमूने एकत्र किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक दलबीर के शव के पास उसकी टूटी हुई बैसाखी पड़ी मिली। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि हत्या उसी बैसाखी से की गई है। सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं और अधिक खून बहने के कारण दलबीर की मौके पर ही मौत हो गई। थाना बड़ी पुलिस ने मृतक के बेटे संदीप राठी की शिकायत पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके।

### रात बड़े भाई मिल कर गए थे

संदीप राठी ने बताया कि उनके ताऊ राममेहर उसके पिता दलबीर से बुधवार की रात 11 बजे मिल कर गए थे। इसके बाद ताऊ राममेहर ने उनके गांव के ही सुरेंद्र को उसके पिता से मिलते हुए देखा था।

### सेवानिवृत्त के बाद खोली थी फैक्ट्री

दलबीर अगस्त 2025 में दिल्ली पुलिस से एएसआई पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृति के बाद दलबीर ने अपने मकान के साथ प्लाट में मिठाई के डिब्बे बनाने की फैक्ट्री खोली थी। जबकि उनके बेटे संदीप राठी ने सोनीपत में डिस्पोजल ग्लास व कप की दुकान कर रखी है। दलबीर रात के समय फैक्ट्री में ही सोते थे। उनका शव फैक्ट्री के कमरे में ही मिला।

### 20 वर्ष पहले कट गया था बायां पैर

करीब 20 वर्ष पहले एक हादसे में दलबीर का बाया पैर आधा कट गया था। यह हादसा उस समय हुआ था, जब वे ड्यूटी से लौटते हुए सांदल कला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर रहे थे। फिसलने के कारण वे ट्रेन की चपेट में आ गए थे। पैर कटने के कारण वह दिव्यांग थे और चलने-फिरने के लिए बैसाखी का सहारा लेता था।

**बैसाखी टूटी हुई मिली:** घटना स्थल पर पुलिस ने दलबीर की दोनों बैसाखियां खून से सनी हुई मिली। पुलिस के अनुसार एक बैसाखी हत्थे के पास से टूटी हुई मिली। जिससे पुलिस को आशंका है कि हत्या बैसाखी से पीट कर की गई है।

### पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में होगा खुलासा

एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि दलबीर का शव फैक्ट्री के अंदर मिला है। शव के पास टूटी बैसाखी मिलने से अनुमान है कि उसी से हत्या की गई है। हालांकि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता लग पाएगा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें हत्यारोपित की पहचान करने में जुटी हैं। जल्द ही आरोपित का पता लगा कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।





गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान सोनीपत डिपो की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गन्नौर-शामली के बीच रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ

**गन्नौर।** लंबे समय से ठप पड़े उत्तर प्रदेश के शामली मार्ग पर रोडवेज बस सेवा को दोबारा बहाल कर दिया गया है। गुरुवार को गांव खेड़ी गुर्जर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सतकुम्भा धाम से विधायक देवेंद्र कादियान ने सोनीपत डिपो की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस के संचालन से न केवल दैनिक यात्रियों, बल्कि धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भी बड़ी राहत मिलेगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों को आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच यह बस सेवा व्यापारिक और सामाजिक रिश्तों को और मजबूती प्रदान करेगी। सोनीपत डिपो के महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि फिलहाल एक बस के साथ ट्रायल शुरू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में यात्रियों की संख्या और फीडबैक के आधार पर बस के समय में परिवर्तन या फेरों की संख्या में बढ़ोतरी की जा सकती है। इस अवसर पर सरपंच जगबीर छोक्कर, पूर्व सरपंच प्रेम, मेहरू छोक्कर, सोहन लाल, रोहताश, सुनील, संजय समेत गणमान्य व्यक्ति और रोडवेज विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। बस प्रतिदिन सुबह 7 बजकर 30 बजे बिलन्दपुर से रवाना होगी और रूट में खेड़ी गुर्जर, भौरा रसूलपुर, छदिया, चुलकाना धाम, समालखा, बिहोली, बापौली और सनोली (यमुना बॉर्डर) होते हुए शामली पहुंचेगी। फिलहाल रोजाना एक ही फेरा निर्धारित किया गया है।

सीएनजी की किल्लत और तकनीकी अव्यवस्था ने एक बार फिर आम जनजीवन को पटरी से उतारा

# सीएनजी पाइपलाइन ठीक होने के बाद भी वाहन चालकों को नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में सीएनजी की किल्लत और तकनीकी अव्यवस्था ने एक बार फिर आम जनजीवन को पटरी से उतार दिया है। पिछले कई दिनों से सोनीपत के अधिकांश सीएनजी पंपों पर त्राहि-त्राहि मची हुई है। वाहनों में पर्याप्त मात्रा में गैस न भर पाने के कारण जहां ऑटो चालक और निजी वाहन मालिक हलकान हैं वहीं पंप संचालकों के लिए भी यह स्थिति सिरदर्द बन गई है। आलम यह है कि पंपों पर घंटों इंतजार के बाद भी जब टैंक फुल नहीं होता तो ग्राहकों का गुस्सा फूट पड़ता है जिससे आए दिन विवाद और कहासुनी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

इस संकट की जड़ें जुलाई में हुई भारी वर्षा से जुड़ी हैं। उत्तर प्रदेश के बागपत से सोनीपत तक आने वाली सीएनजी की मुख्य पाइपलाइन यमुना नदी के क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हो गई थी। पाइपलाइन में रिसाव और टूट-फूट के चलते लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रही। राहत की बात यह थी कि करीब चार दिन पहले मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया लेकिन तकनीकी दुश्वारियों ने पीछा नहीं छोड़ा। अब गैस आपूर्ति बहाल होने के बावजूद फ्रोजन की समस्या आड़े आ रही है। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि पाइपलाइन में गैस का दबाव सही तरीके से नहीं बन पा रहा है जिसके कारण वाहनों की टंकियां पूरी तरह नहीं भर पा रही हैं।

सीएनजी पंप



## कंपनी फिटिड किट वाले वाहन बने परेशानी का सबब

सीएनजी पंपों पर इन दिनों एक अजीबोगरीब भेदभाव देखने को मिल रहा है। पंप कर्मचारी उन वाहनों में गैस भरने से स्पष्ट रूप से मना कर रहे हैं जिनमें कंपनी फिटिड सीएनजी किट लगी हुई है। कर्मचारियों का तर्क है कि इन वाहनों में सीएनजी भरने के दौरान बीच में ही कट लग जाता है जिससे एक वाहन में गैस भरने में सामान्य से अधिक समय लगता है और पीछे वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसके विपरीत बाहर से लगवाई गई किट में यह समस्या कम आ रही है। कर्मचारियों का दावा है कि कंपनी फिटिड किट में लगे फिल्टर के कारण प्रेशर कम होने पर बार-बार बाधा उत्पन्न होती है जिससे पूरी व्यवस्था चरमरा रही है।

## मुख्य समस्याएं और समाधान की मांग

- **आपूर्ति में सुधार :** मुख्य पाइपलाइन की मरम्मत के बाद उत्पन्न हुई फ्रोजन की समस्या को तकनीकी स्तर पर जल्द सुलझाया जाए।
- **प्रेशर की समस्या :** पंपों पर गैस का प्रेशर इतना कम है कि वाहन चालक अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए पर्याप्त ईंधन नहीं जुटा पा रहे हैं।
- **भेदभाव पर रोक :** कंपनी फिटिड किट वाले वाहनों को गैस देने से मना करना अनुचित है प्रशासन को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।
- **विवादों का डर :** पंपों पर बढ़ती भीड़ और लंबी वेटिंग के कारण मारपीट की नौबत आ रही है जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## जिला व्यापार मंडल ने खोला मोर्चा और प्रशासन से गुहार

सीएनजी की इस बदहाली पर जिला व्यापार मंडल के प्रधान एवं सोनीपत नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला ने गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने सरकार और संबंधित गैस कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस तकनीकी खामी को तुरंत दूर नहीं किया गया तो यह सामाजिक तनाव का कारण बन सकता है। संजय सिंगला के अनुसार पंप संचालकों और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ते विवाद कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकते हैं। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर गैस कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक करे और आपूर्ति को सामान्य स्तर पर लाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## तकनीकी समस्या


*वाहन चालक यह समझने को तैयार नहीं हैं कि समस्या तकनीकी है और पंप संचालकों के नियंत्रण से बाहर है। नतीजतन पंप कर्मचारियों और संचालकों को अनावश्यक विवादों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियां भी खड़ी हो रही हैं।* **-परविंदर खत्री** *प्रधान, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, सोनीपत*

## नन्हे-मुन्नों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मोहा सबका मन

# सोनीपत में हर्षोल्लास के साथ मनाया नववर्ष उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नववर्ष के पावन अवसर पर जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक प्रार्थना एवं नववर्ष संदेश के साथ हुई। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने नववर्ष के महत्व पर आधारित गीत, नृत्य एवं लघु नाटिका प्रस्तुत कर सकारात्मक सोच, नए संकल्प और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए नववर्ष काड्र्स, पोस्टर्स एवं सजावटी सामग्री की प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू एवं प्रबंधक समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



सोनीपत। जैन विद्या मंदिर में कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ प्रधान एवं स्कूल का स्टाफ। फोटो :हरिभूमि



## सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य-कर्तव्यनिष्ठ और सेवा भावना के लिए किया हवन

गन्नौर। नव वर्ष के अवसर पर पुलिस परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा कर्तव्यनिष्ठ सेवा भावना के लिए वीरवार को औद्योगिक थाना बड़ी में हवन- यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह आईपीएस एडीजीपी व पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन प्रबीना पी. आईपीएस ने शिरकत कर पूजा-अर्चना की। बड़ी औद्योगिक थाना बड़ी प्रभारी एसपीएच गीता फौगाट, पुलिस स्टाफ, महिला पुलिस कर्मी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। हवन के उपरांत क्षेत्र व जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा के लिए मंगलकामनाए की गईं। पुलिस आयुक्त सोनीपत ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि नव वर्ष का आरंभ सकारात्मक ऊर्जा और नई प्रतिबद्धता के साथ करना पुलिस संगठन की समृद्ध कार्य संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा, संवेदनशील पुलिसिंग और सेवा भाव के साथ कर्तव्यों का निर्वहन आगामी वर्ष में भी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा।उन्होंने पुलिस बल के मनोबल, अनुशासन व समर्पण की सराहना करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुरक्षित, सफल और जिम्मेदारीपूर्ण नव वर्ष की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



सोनीपत। पूर्ण मूर्ति कैंपस में मशहूर पंजाबी गायक अमर संधू मंच पर अपनी लाइव परफॉर्मेंस देते, साथ में चेयरमैन डॉ .विजयपाल नैन। फोटो :हरिभूमि

## पूर्ण मूर्ति कैंपस में नववर्ष का शानदार आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कैंपस में भव्य संगीत संध्या का आयोजन

पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में नए साल का शानदार आगाज किया गया। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कैंपस में भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान मशहूर पंजाबी गायक अमर संधू ने मंच पर अपनी लाइव परफॉर्मेंस दी, जिससे पूरा परिसर तालियों और उत्साह से गूंज उठा। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन ने कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे नारंग ग्रुप के चेयरमैन सुमित नारंग व बिजनेस हेड प्रदीप अहलूवालिया के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर संगीत संध्या का शुभारंभ किया। डॉ. विजयपाल नैन ने छात्र-छात्राओं व कार्यक्रम में पहुंचे दर्शकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपनी टीम के साथ लाइव परफॉर्मेंस देने पहुंचे पंजाबी गायक अमर संधू का जोरदार स्वागत किया। पंजाबी गायक अमर संधू ने इस संगीत संध्या में एक से बढ़कर एक सुपरहिट गीत प्रस्तुत किए। समारोह में पूर्ण मूर्ति कैंपस के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ लॉ कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. टीसी राणा, पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी की डायरेक्टर डा.सुनीता, पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया, उप प्रधानाचार्य वरुण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नव ज्योति शिक्षा सदन में हवन कर नववर्ष मनाया



गन्नौर। नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर में नव वर्ष के आगमन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में पुरोहित का कार्य संस्कृत की अध्यापिका सुषमा भारद्वाज ने किया। नव वर्ष की शुरूआत भगवान का नाम लेकर व मंत्र उच्चारण करके की। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने कहा कि हर अच्छे काम की शुरुआत भगवान को याद करके की जानी चाहिए ताकि उनका आशीर्वाद हमें मिल सके। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

## नववर्ष पर चाय-लड्डू-कढ़ी-चावल का लगाया भंडारा



गोहाना। गुरुवार को नव वर्ष पर सति भाई साईं दास सेवा दल द्वारा शहर में देवीलाल चौक में चाय-लड्डू और कढ़ी-चावल का भंडारा लगाया गया। यह कार्यक्रम सति भाई साईं दास डेरा कलानौर के गद्दीनशीन महंत रामसुख दास की प्रेरणा से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश चुघ ने की। कंवल चुघ और गगन चुघ का रहा। भंडारा वितरण व्यवस्था की सेवा सदस्य रमेश चुघ, गौरव चुघ, रजत चुघ, राजीव चुघ, भव्य चोपड़ा, भीष्म परुथी और भावुक चुघ ने संभाली। इस कार्यक्रम के बाद दल की टीम ने रोहतक बाइपास स्थित नंदीशाला में पहुंचकर गायों को गुड़ खिलाया।

## छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रस्तुति देकर समां बांधा



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में नए साल का धमाकेदार आगाज किया गया। स्कूल में नव वर्ष के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों व उनके अभिभावकों को नव वर्ष शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान समूह नृत्य व हरियाणवी नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति देकर बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का लोहा मनवाया। कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## विदाई समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों को उपहार भेंटकर किया सम्मानित



सोनीपत। सोनीपत में आयोजित विदाई समारोह के दौरान पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं पूर्वी जोन प्रवीण पी तथा अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत हो रहे एसपीओ सुरेन्द्र को उनकी लंबी और समर्पित सेवाओं के उपरांत भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्तालय राई में तैनात पुलिस कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग की ओर से बताया गया कि एसपीओ सुरेन्द्र ने अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस विभाग के प्रति निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ सेवाएं दीं, जो विभाग के लिए प्रेरणादायक रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद पारिवारिक जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने सेवानिवृत कर्मचारी को उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

## सात दिवसीय एनएसएसए शिविर का किया शुभारंभ



सोनीपत।राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में वार्षिक विशेष सप्तदिवसीय शिविर की विधिवत शुरूआत कबीरपुर गांव में हुई। शिविर के सुबह के सत्र में स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार विश्व रिकॉर्ड धारक लक्ष्मीनारायण वोहरा, सतबीर गौतम, रणबीर सिंह आदि ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। दोपहर के सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के माध्यम से राष्ट्रसेवा के निर्माण हेतु प्रेरित किया। शाम के सत्र में डॉ. अनीता सिंह ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी पवन, डॉ. आनंद, दीपक राणा व शैलजा आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविरः छात्राओं को कौशल को रोजगार में बदलने के टिप्स बताए



गोहाना। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन गुरुवार को स्वयंसेविकाओं को अपनी रूचि एवं कौशल को रोजगार में बदलने के टिप्स दिए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ममता देवी ने स्वयंसेविकाओं को स्टार्टअप बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि छात्राएं स्टार्टअप आइडिया से वित्तीय स्वतंत्रता के साथ-साथ अपनी रूचि एवं कौशल को एक लाभदायक व्यवसाय में बदल सकते हैं। ऐसे में वे नौकरी खोजने की बजाए रोजगार देने वाले बन सकते हैं। शिविर में सौ स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। दोपहर बाद एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंजू सांगवान की अध्यक्षता में स्वयंसेविकाओं के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महेंद्र, गौरव, संतोष और अंजू उपस्थित रहे।

## नववर्ष पर 12 दिवसीय भ्रमण के लिए 108 श्रद्धालुओं का दल धार्मिक स्थलों के लिए रवाना



सोनीपत। नववर्ष पर सोनीपत से 108 श्रद्धालुओं का दल वीरवार को धार्मिक स्थलों के 12 दिवसीय भ्रमण के लिए रवाना हुआ। यात्रा का शुभारंभ पंडित सुरेश वत्स की अध्यक्षता में जटवाड़ा के धोबीवाड़ा से किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु गुजरात के प्रमुख मंदिरों द्वारकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ज्योतिलिंग मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। वापसी में सभी श्रद्धालुओं को मध्यप्रदेश के महाकाल उज्जैन व ओंकारेश्वर में भगवान के दर्शन का अवसर मिलेगा। 12 जनवरी को यात्रा पुनः सोनीपत में संपन्न होगी। यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं में पंडित अमित शौनक, पंडित योगेंद्र छतहेरा, पंडित सतप्रकाश रेवली, पंडित महेश बेहरा बांकीपुर, पूनम शौनक, विजय कुमार, सुषमा देवी, राजेश देवी, प्रियव्रत, जोगेंद्र मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता में दी ईश्वर और राष्ट्र भक्ति के भजनों की सुंदर प्रस्तुति



सोनीपत। आर्यवीर दल सोनीपत द्वारा आर्य समाज सेक्टर 14 में वीरवार को भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आर्यवीर व आर्य वीरांगनाओं ने ईश्वर भक्ति ,राष्ट्र भक्ति के भजन गाकर अपनी प्रस्तुति दी। जिला संचालक भगत सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शाखाओं के माध्यम से युवाओं में विभिन्न प्रतिभाओं को विकसित करने का प्रयास दल का रहता है। जिला संचालिका पूनम भूटानी ने युवाओं को संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता की निर्णायिका सविता आर्य ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में अनिल भूटानी, राजा आर्य, ओमप्रकाश राठी उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने योग अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



खरखौदा। प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरखौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना - एनएसएस का सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ प्रथम दिन अनुशासन, सेवा भावना एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक सतप्रकाश दहिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फूल कंवर द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत एवं स्वागत भाषण से की गई। शिविर के प्रथम दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने योग अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इसके उपरांत स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के महत्व को व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक सोच है, जो विद्यार्थियों को समाज से जोड़ती है। प्रथम दिन स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा, नियमों एवं आगामी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अधीक्षक सेवानिवृत्त



सोनीपत। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में अधीक्षक के पद पर कार्यरत नरेन्द्र दहिया लगभग 40 सालों तक सेवाएं देने उपरांत सेवानिवृत हुए। विदाई समारोह में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम के नेतृत्व में कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने सेवनिवृत अधीक्षक को बेहतरीन जीवन की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। इस दौरान डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने अधीक्षक नरेन्द्र दहिया को सेवानिवृति पर बधाई देते हुए कहा कि उनका संपूर्ण सेवाकाल अनुशासन, कार्यकुशलता एवं कर्तव्यपरायणता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उन्होंने अपने अनुभव, सूझबूझ और सकारात्मक कार्यशैली से विभागीय कार्यों को नई दिशा दी। उनके मार्गदर्शन में अनेक कर्मचारियों को सीखने का अवसर मिला, जो आने वाले समय में विभाग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने सेवानिवृत अधीक्षक को सम्मानित करते हुए भगवान से उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर लेखाकार सोनू कुहाड़, टीएम एंड एस पवन कुमार, आईसीए रविन्द्र कुमार, अनिल कुमार व पवन कुमार, कलाकार राजीव कुमार, मंजीत दहिया, लिपिक नितिन व सुनील सरोहा, ब्रह्मानंद शर्मा, चालक देवेन्द्र व विकास कुमार, कुलदीप, भूपेन्द्र, मनोज, कृष्ण भावड़ मौजूद रहे।

## पैतृक गांव में विधायक देवेंद्र कादियान ने हवन के बाद लगाया विशाल भंडारा

■ विधायक देवेंद्र कादियान ने परिवार संग हवन-यज्ञ में आहुति दी, सुख शांति की कामना की

गन्नौर। नववर्ष के अवसर पर गन्नौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को अपने पैतृक गांव बजाना कलां स्थित जय बाबा समाध वाले मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विधि-विधान से हवन-यज्ञ किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने अपनी धर्मपत्नी और परिवार के सदस्यों के साथ आहुति डालकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने बाबा समाध वाले का आशीर्वाद लिया। भंडारे की शुरुआत सुबह करीब 10 बजे हुई, जो देर शाम तक लगातार जारी रही। बजाना कलां के अलावा गन्नौर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। विधायक स्वयं कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी के साथ प्रसाद वितरण में भी सहयोग किया।



गन्नौर। परिजनों के साथ हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए विधायक देवेन्द्र कादियान।

कार्यक्रम | पीएमश्री राकवमावि में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

## छात्राओं को जीवन में शिक्षा-सेवा भावना व समाज सेवा के महत्व से अवगत करवाया

नृत्य, गीत, कविता, कहानी प्रस्तुत कर सभी का किया मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल अड्डा में वीरवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस योगेश कुमार, उनकी पत्नी श्रेया सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुमन बाला शर्मा ने की। शिविर की शुरुआत छात्राओं ने योगाभ्यास व सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके की।



सोनीपत। मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के दौरान मुख्य अतिथि आईएएस योगेश कुमार, प्राचार्य सुमन बाला शर्मा, स्टाफ सदस्यों के साथ मौजूद स्वयंसेविकाएं।

शिविर में मुख्य अतिथि योगेश कुमार ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ जीवन में शिक्षा, सेवा भावना, समाज सेवा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की रीढ़ की हड्डी होती है। श्रेया सिंह ने छात्राओं को जल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूनम, संगीता व दर्शन कुमारी ने स्वयंसेविकाओं को रोजाना नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई। स्वयंसेविकाओं ने नृत्य, गीत, कविता, कहानी प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया। मंच संचालन दर्शन कुमारी ने किया। शिविर में कार्यक्रम प्रबंधक पूनम व संगीता सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रही।


सोनीपत कश्री खाटू श्याम मंदिर सोनीपत धाम में नववर्ष पर पूजा-अर्चना के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

### जिलेभर के प्राचीन व प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का जारी रहा आवागमन

# नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब भक्तों ने की सुख और शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलाभर लोगों ने श्रद्धा व भक्ति भाव से नववर्ष का स्वागत किया। नववर्ष के पहले दिन प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिरों में आस्था व भक्ति का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने नववर्ष की शुरुआत भगवान के दर्शन व पूजा-अर्चना के साथ की। सुबह से ही प्राचीन मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने नववर्ष पर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। नववर्ष के अवसर पर मंदिरों में सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए।



#### नए साल का किया स्वागत

सोनीपत शहर के रोहतक रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर सोनीपत धाम में बाबा श्याम की आराधना कर नववर्ष का स्वागत किया गया। मंदिर समिति के सदस्य सीए अनुज मंगला, राकेश मित्तल, राजीव गोयल, संजीत दहिया, प्रवीन मित्तल, आनंद सरोहा, मोहन गोयल, मांगेराम, राहुल वर्मा, धर्मवीर शर्मा ने बताया कि बाबा खाटू श्याम हारे का सहारा कहलाते हैं। उन्हें भगवान श्रीकृष्ण से वरदान प्राप्त है, इसके चलते वह कलियुग में हर घर में पूजनीय हैं।

#### सच्चे मन से पूजा करने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना होती पूर्ण

श्री श्याम सच्चे मन से पूजा करने वाले हर श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करते हैं। वहीं ककरोई चौक स्थित शंभू दयाल मंदिर, सुनारों वाली गली स्थित चिटाने वाली माता मंदिर, कामी रोड स्थित बाबा धाम मंदिर, काली माता मंदिर, मॉडल टाउन स्थित गीता भवन मंदिर, नवदुर्गा माता मंदिर, जटवाड़ा स्थित शिव मंदिर, सेक्टर-23 स्थित शिव मंदिर, मुरथल रोड स्थित शिव मंदिर, राई स्थित शिव मंदिर, गांव सेवली स्थित प्राचीन शिव मंदिर सहित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं पूजा-अर्चना कर मंगलमय नववर्ष की कामना की।

## खबर संक्षेप



#### जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की

**गोहाना।** गुरुवार को भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक द्वारा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली से विचार विमर्श के बाद पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। यह कार्यक्रम में शहर में सोनीपत मार्ग स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने मनोज राठी लघु उद्योग, मंगलीराम को पशुपालन एवं डेयरी, प्रवीण कपूर को मन की बात, दिलबाग बाजवान प्रशिक्षण और बलवंत नागपाल लाभार्थी प्रकोष्ठ के जिला गोहाना का संयोजक नियुक्त किया गया। वासिंह वर्मा, निर्मला वर्मा व देवेन्द्र सैन को जिला गोहाना भाजपा का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया।

#### डीसीआरयूएसटी ने परीक्षा के परिणाम किए घोषित

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय मुरथल ने परीक्षा समाप्ति के दस दिन के अंदर नयी शिक्षा नीति के तहत आने वाले सभी कोर्सों के परिणाम घोषित कर एक नया आयाम स्थापित किया हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने शिक्षकों व स्टाफ को इसके लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि समय पर परिणाम घोषित होने से छात्रों को नौकरी के लिए आवेदन करने या उच्च शिक्षा के लिए समय पर प्रवेश लेने में मदद मिलती हैं।

### तीन टीमें रोजगार संबंधी वर्किंग मॉडल करेंगी प्रस्तुत

# केबीसी योजना के माध्यम से राज्यस्तर पर रोजगार संबंधी सुझाव देंगे जिले के विद्यार्थी

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर 5 जनवरी को पानीपत में आयोजित की जाएगी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कौशल बिजनेस चैलेंज (केबीसी-2.0) योजना के माध्यम से जिला के विद्यार्थी राज्यस्तर पर रोजगार संबंधी सुझाव प्रस्तुत करेंगे। केबीसी योजना के तहत जिले की तीन टीमें रोजगार संबंधी वर्किंग मॉडल प्रस्तुत करेंगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर पानीपत में 5 जनवरी को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

राजकीय विद्यालय में कौशल बिजनेस चैलेंज योजना के माध्यम से विद्यार्थियों से सुझाव मांगकर स्वरोजगार की अलख जगाई जा रही है। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने, उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना, रचनात्मक विचारों को जागृत करने, नए आइडिया के लिए प्रोत्साहित करना है। शिक्षा विभाग ने इन्हीं उद्देश्यों को लेकर दिसंबर माह में जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया था। प्रतियोगिता के माध्यम से जिला में 10 में से 3 टीमों का चयन किया गया है, जो अब राज्यस्तर पर भाग लेंगी। इससे पहले अक्तूबर माह में केबीसी योजना के तहत 250 शिक्षकों व 929 विद्यार्थियों का पोर्टल पर पंजीकरण करवाया था। नवंबर माह में जिलास्तर पर 10 टीमों का चयन किया गया, जिन्हें विभिन्न कंपनियों से प्रशिक्षण भी दिलवाया गया। योजना के तहत विद्यार्थियों से उनके सुझाव मांगकर स्वरोजगार की अलख जगाना है, ताकि उन्हें पढ़ाई के बाद नौकरियों पर निर्भर न रहना पड़े। इसके लिए विद्यार्थियों को रोजगार सुझाव पर बातचीत करने, अपनी बात रखने का प्रशिक्षण भी दिया गया है।


**सोनीपत।** सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जिलास्तरीय प्रतियोगिता के दौरान वर्किंग मॉडल प्रस्तुत करती छात्राएं। (फाइल फोटो)


**सोनीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का फाइल फोटो।

#### राज्यस्तर के लिए चयनित टीमें

- गोहाना के आंवली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने प्राकृतिक दर्द निवारक तेल विषय पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- कुंडली स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने बीज कागज कलम विषय पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- जाखौली स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने नीम एवं एलोवेरा जैसे प्राकृतिक साबुन, शैंपू विषय पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

#### श्रेष्ठ सुझाव पर मिलेगा 20 हजार का पुरस्कार

शिक्षा विभाग का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को कौशल शिक्षा देने के साथ नवाचार को बढ़ावा देना है। शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सत्र में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को केसीबी योजना में शामिल किया है, जबकि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के सत्र में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को योजना में शामिल किया गया था। चयनित तीन टीमें 5 जनवरी को विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से पानीपत में राज्यस्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपने वर्किंग मॉडल प्रस्तुत करेंगी। राज्यस्तर पर श्रेष्ठ सुझाव देने वाली टीमों को 20 हजार रुपये का पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

#### विद्यार्थियों को किया जा रहा प्रेरित : अमित

शिक्षा विभाग का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को कौशल शिक्षा देने के साथ नवाचार को बढ़ावा देना है। कौशल बिजनेस चैलेंज योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वह अन्य युवाओं को भी रोजगार मुहैया करवा सकें। इसी उद्देश्य के तहत जिलास्तर पर पहले तीन स्थान पर विजेता रही टीमें राज्यस्तर पर अपने वर्किंग मॉडल प्रस्तुत करेंगी। इसके लिए विद्यार्थियों को रोजगार सुझाव पर बातचीत करने, अपनी बात रखने का प्रशिक्षण भी दिया गया है।

*-अमित भनवाला, जिला सहायक परियोजना संयोजक, सोनीपत*


**सोनीपत।** हरिद्वार में लावारिस अस्थियों का विसर्जन करते हुए समाजसेवी।

#### लावारिस अस्थियों का गंगा में किया विसर्जन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा आज जिला सोनीपत के विभिन्न शमशान घाटों से एकत्र की गई 8 लावारिस अस्थियों का पावन नगरी हरिद्वार में मां गंगा के चरणों में विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस पुनीत कार्य की शुरुआत प्रातः सुबह 5 बजे तिरंगा चौक स्थित शिवमुक्ति धाम, सोनीपत से की गई। अस्थियों को सम्मानपूर्वक लेकर संस्था की टीम हरिद्वार रवाना हुई, जिसमें संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाजसेवी नरेन्द्र भूटानी, सतीश बाल्यान, सरदार मोहन सिंह मनोचा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त हरिद्वार में जरूरतमंद लोगों को पुराने कपड़ों का वितरण भी किया गया। संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा ने बताया कि चाहे गर्मी हो, सर्दी, बरसात या कोई भी विपरीत परिस्थिति, संस्था की टीम हर माह बिना रुके यह सेवा कार्य करती है और भविष्य में इसे और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।


**गोहाना।** जलधारा करते हुए बाबा भलेगिरी महाराज एवं आशीर्वाद लेने पहुंचे विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

#### हमारी संस्कृति ही हमारी अस्मिता का प्रतीक : इंदुराज

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल गुरुवार को अपने गांव रिंढाणा में माता शीतला मंदिर स्थित श्री श्री 1008 बाबा भलेगिरी महाराज की तपोस्थली पर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा भलेगिरी महाराजा समाज में सुख एवं समृद्धि की कामना के साथ जलधारा कर रहे हैं। वे इस मंदिर में पिछले 40 वर्षों से तप एवं जलधारा करते आ रहे हैं। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि भारत हमेशा संत-महात्माओं की भूमि रही है। संतों के आदर्शवादी जीवन से ही हमारी संस्कृति का सृजन हुआ है। हमारी संस्कृति हमारी अस्मिता है और गौरव का प्रतीक है। यह हमारी विरासत है, हमारी पहचान है। हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण के लिए आगे बढ़ना चाहिए। विधायक के अनुसार बाबा भलेगिरी महाराज ने माता शीतला मंदिर में 3 दिसम्बर से जलधारा कर रहे हैं। उनकी 31 दिवसीय जलधारा 3 जनवरी को सम्पन्न होगी। बाबा ने 3 मटकों के शीतल जल से जलधारा शुरू की थी और समापन पर पानी के मटकों की संख्या 108 हो जाएगी। मंदिर में 26 दिसम्बर से शतचंडी महायज्ञ भी चल रहा है।



#### रोटरी क्लब के नए बोर्ड की हुई औपचारिक घोषणा

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट द्वारा नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगामी रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए नई बोर्ड की औपचारिक घोषणा की गई। क्लब के आगामी अध्यक्ष प्रमोद भूटानी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम के साथ क्लब सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त एवं व्यापक बनाया जाएगा। कार्यक्रम की बैठक अध्यक्षता अंकुश रूबी शर्मा एवं डॉ. हरीश श्रुति भारद्वाज द्वारा की गई। इस अवसर पर अतुल खट्टर, सुनील मनचंदा, डॉ. हरीश भारद्वाज, विशाल गोयल, सतीश चोपड़ा, संजय अरोरा, संजय अंतिल, अंकुश शर्मा, आशु नागपाल, राजेश कटारिया, पुनीत जग्गा, विनीत पटपटिया, कुलविंद्र सिंह आदि सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### हवन के साथ किया नववर्ष का शुभारंभ


**सोनीपत।** टीकाराम मॉडल स्कूल में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीका राम मॉडल स्कूल में वीरवार को नववर्ष का शुभारंभ भव्य हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दहिया ने शिरकत की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया और नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके उपरांत, शिक्षकों के लिए सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक 'स्टेम शिक्षा और एआई टूल्स का उपयोग' विषय पर एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षकों को आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए शिक्षण को प्रभावी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि आधुनिक युग में सभी को आधुनिक होना चाहिये। क्योंकि बदलते समय के साथ बदलाव प्रकृति का नियम है।



#### शिविर में 35 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित संस्था आहुति के वार्षिक आयोजन में गुरुवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 35 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। इस दौरान कढ़ी और चावल का भंडारा भी लगाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता अरुण बड़ौक और समाजसेवी सुनील मेहता थे। विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा के पीए सुनील शर्मा और विपिन गोयल थे। अध्यक्षता गुलशन बजाज ने की। उन्होंने अपने बड़े भाई रमेश बजाज के साथ रक्तदान किया। संयोजन सन्नी निरंकारी और बंटी निरंकारी का रहा। शिविर में आहुति से अशोक हंस, राहुल गोयल, पं. दिनेश और स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास ने रक्तदान किया।

# खरखौदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सैकड़ों मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

- 126 मरीजों की नेत्र जांच, 15 का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में गुरुवार को ठाकुर जी की रसोई व युवा शक्ति क्लब के संयुक्त सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच, ऑपरेशन कैंप सहित स्त्री रोग, हड्डी रोग, फिजीशियन तथा न्यूरो थैरेपी का चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया। शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कुल 126 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई। जिनमें से 15 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया है। चयनित मरीजों के शेख सराय, दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है।


**खरखौदा।** शिविर में नेत्र जांच करते हुए चिकित्सक।

#### मुफ्त दवाइयां दी गई

मरीजों के आने-जाने, ठहरने एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा निःशुल्क की जा रही है। शिविर में आंखों की सामान्य बीमारियों, मोतियाबिंद, स्त्री रोग, हड्डी रोग एवं सामान्य रोगों की जांच कर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने भी शिविर में सहयोग प्रदान किया, जिससे लगभग 70 लोगों ने लाभ उठाया। साथ ही राजू कोच द्वारा निःशुल्क न्यूरो थैरेपी कैंप लगाया गया, जिसमें लोगों को दर्द एवं अन्य शारीरिक समस्याओं से राहत प्रदान की गई। इसी अवसर पर ठाकुर जी की रसोई के मुख्य सेवक भाई शमशेर दहिया (धम्मल फौजी) एवं उनकी धर्मपत्नी का जन्मदिन भी बुजुर्गों के संग सादगीपूर्ण एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया।

### अभियान | नए साल पर पुलिस का नाइट डोमिनेशन, आयुक्त ने किया नेतृत्व

# नव वर्ष की रात्रि पर पुलिस टीमों की रही तैनाती, हाईवे से लेकर शहर के संवेदनशील क्षेत्रों तक चली सघन चेकिंग

संदिग्ध वाहनों की गहन जांच, ड्रंक-एंड-ड्राइव के मामलों पर कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नव वर्ष की रात्रि को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के नेतृत्व में शहर और नेशनल हाईवे-44 क्षेत्र में विशेष नाइट-डोमिनेशन ड्राइव चलाया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने स्वयं हाईवे के विभिन्न नाकों, पेट्रोलिंग प्वाइंट्स और पुलिस पिकेट्स का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की तथा मौके पर तैनात पुलिस स्टाफ से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजीत सिंह सहित संबंधित थाना प्रभारी, ट्रैफिक विंग और पेट्रोलिंग यूनिट्स के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए कि नव वर्ष के उल्लास के बीच सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। संदिग्ध वाहनों की गहन जांच, ड्रंक-एंड-ड्राइव के मामलों पर कड़ी निगरानी, ओवरस्पीडिंग और स्टंट ड्राइविंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।


**सोनीपत।** नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मी।

#### अलर्ट मोड पर रही एम्बुलेंस, राहत कर्मी तैनात

पुलिस आयुक्त ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा, सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को बनाए रखना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में एनएच-44 के साथ-साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी लगातार पेट्रोलिंग एवं नाइट-चेकिंग अभियान संचालित किया गया। हाईवे पर एम्बुलेंस, क्रेन और राहत कर्मियों को अलर्ट मोड में रखा गया ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पुलिस आयुक्त ने ड्यूटी पर तैनात जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ठंड और रात्रि के कठिन परिस्थितियों में भी सेवाभाव से डटे रहना पुलिस की प्रतिबद्धता और जनसेवा के भाव को दर्शाता है। उन्होंने पुलिस बल को टीम भावना, अनुशासन और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य-शैली के साथ नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।